वार्षिक वृतांत 2018 - 19

हिंदी साहित्य परिषद की ओर से इस वर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। दिनांक 10 सितंबर 2018 को हस्ताक्षर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। देशभर में भारत बंद का ऐलान हुआ था परंतु इस प्रतियोगिता में 40 छात्रों ने 6 भाग लिया। इसी अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। जिसके विषय थे -

1. शंकर नारायण महाविद्यालय के 25 वर्ष
2. 2019 और चुनाव
3. सफलता का रहस्य
4. आने वाला पल जाने वाला है

इस प्रतियोगिता में कुल 30 छात्र सहभागी हुए।

दि. 18 जनवरी, 2019 को काव्य वाचन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। छात्रों ने स्वरचित और प्रसिद्ध कवियों की कविताएं प्रस्तुत की। इसी अवसर पर शायरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। दि. 20 जनवरी 2019 को कथाकथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 21 जनवरी 2019 को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। वाद विवाद प्रतियोगिता के पहले दो विजेताओं को अंतर महाविद्यालयीन वाद विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना पड़ता है।

दिनांक 23 जनवरी 2019 को अंतर महाविद्यालयीन वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रवि कुमार माली को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी अवसर पर साल भर में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण भी किया गया।

डॉ. मनीषा घरत,
अध्यक्षा।
हिंदी साहित्य परिषद